Regarding establishment of a defence cluster in Jabalpur

श्री आशीष दुबे (जबलपुर) : सभापति महोदय, आपने प्रजातंत्र के इस मंदिर में मुझे अपनी बात कहने का अवसर दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र जबलपुर है, जिसका अपना गौरवशाली, वैभवशाली और समृद्धशाली इतिहास है । वह कृषि, रक्षा, शिक्षा और इसके साथ ही साथ पर्यटन जगत में अपना एक विशेष महत्व रखता है ।

<u>13.29 hrs</u> (Shri Dilip Saikia *in the Chair*)

महोदय, मैं आज आपके माध्यम से रक्षा के क्षेत्र में अपनी एक मांग रखना चाहता हूं । मैं आपके माध्यम से जबलपुर में एक डिफेंस क्लस्टर बनाए जाने की मांग करता हूं ।

इसके पीछे का कारण यह है कि जबलपुर में हमारे तीन रक्षा संस्थान हैं । वहां पर हमारी व्हीकल फैक्ट्री है, गन कैरिज फैक्ट्री है और हमारी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री है । इस वजह से मुझे लगता है कि औद्योगिक क्षेत्र में एक ठोस कदम उठाने के लिए हमारे जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की अनुकूलता है, जिसकी मांग मैं आपके माध्यम से रखना चाहता हूं । इसके साथ ही साथ मैं इसके पीछे का एक और कारण आपको बताना चाहता हूं ।

जबलपुर में पांच-पांच विश्वविद्यालय हैं । वहां के युवाओं में प्रतिभा है, वहां हर विधा का युवा है । इससे उन युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे और हमें हर विधा में पारंगत युवा मिलेगा । इसलिए आपके माध्यम से मैं पुन: अपने जबलपुर संसदीय क्षेत्र के लिए वहां पर डिफेंस क्लस्टर की जो अनुकूलता है, उसकी मांग आपके सम्मुख रखता हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।